समय : २:३० घंटे | पूर्णांक : ७५

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क)

'उसके मधु – सुहाग का दर्पण
जिसमें देखा था उसने
बस एक बार बिम्बित अपना जीवन धन
अबल हाथों का एक सहारा।'

अथवा

'मैं मनुष्य हूँ। आदमी हूँ। व्यक्ति हूँ। नागरिक हूँ
इस गुण्डा समय में हुए बिना
क्या मैं यह सब हो सकता हूँ?
अगर नहीं
तो फिर मैं नहीं हूँ। नहीं हूँ! नहीं हूँ!'

(ख)

'पानी पियो तो याद करो उस शख्स को
तपते रास्तों में जिसने दिया
गुड़ और पानी
जिसने रास्तों में बिठाई ठंडे पानी की सबीलें
उनका शुक्रिया अदा करो।'

अथवा

'अतिरिक्त हमारे मन की कमजोरी को पहचानता है
लालच धीरे – धीरे पाँव पसारता है
एक अतिरिक्त दूसरे अतिरिक्त को बुलाता है
और दूसरा अतिरिक्त तीसरे अतिरिक्त के लिए'

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (३०)

(च) 'कविता के द्वारा हस्तक्षेप' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'अचानक नहीं गयी माँ' कविता के मूल भाव को विस्तार से समझाइये।

(छ) 'सलीम और मैं' कविता में धर्म के नाम पर होने वाली सामाजिक हानि पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'रैली में स्त्रियाँ' कविता के भावार्थ को अपने शब्दों में लिखिए।

P22 3AB2

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

प्रश्न – ३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखिए:- (०९)

(ट) 'दौड़' कविता की संकल्पना को विस्तार से लिखिए।

अथवा

(ठ) 'यह धर्म के विरुद्ध है' कविता में वर्णित समस्या को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(त) टूटे पहिये का महत्व।

अथवा

'बस बहुत हो चुका' कविता का आक्रोश।

(थ) 'इत्यादि' कविता का आशय।

अथवा

'हमारे समय के बच्चे' कविता का सारांश।

प्रश्न – ५) निम्नलिखित प्रश्नों के <u>एक</u> वाक्य में उत्तर लिखिए:- (१०)

१) 'क्या पूजन क्या अर्चन रे' किसकी रचना है?
२) बच्चन जी के अनुसार हिन्दू और मुसलमान के बीच कौन मेल कराती है?
३) 'अभिनव मनुष्य' के रचनाकार का नाम लिखिए।
४) यमराज की दिशा कौन - सी है?
५) 'औरत और घर' कविता के अनुसार कौन लगातार औरत का पीछा करता रहता है?
६) कवि राजेश जोशी नेपथ्य में किसकी बात करते हैं?
७) उनकी कविता के शीर्षक के अनुसार बच्चे कहाँ जा रहे हैं?
८) कौन - से लोग मारे जायेंगे?
९) हमारी भाषा के बनावट के अनुसार किस क्रिया के बिना काम नहीं चलता?
१०) कवि राजेश जोशी ने किस सदी के अंतिम दिनों के आश्चर्य की बात कही है?

****